| Name | | Roll Number | |
|---|---|---|---|

# INDIAN SCHOOL MUSCAT
## MIDDLE SECTION
## FINAL EXAMINATION 2017-18

## HINDI (SECOND LANGUAGE)

## ANSWER KEY

Code:MWHN203

CLASS: V — Time Allotted: 2 ½ Hrs.

13.03.2018 — Max .Marks: 80

## खण्ड (क) पदय व गदय

प्रश्न — Marks

**प्रश्न 1** **निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1x5=5

(क) **'उसे फुसलाने के लिए मैं कुछ बिस्किट भी खरीद लेता।'**

1 प्रस्तुत वाक्य में 'मैं' सर्वनाम का प्रयोग किसके लिए हुआ है? **लेखक के लिए**

2 वह किसे फुसलाने के लिए बिस्किट खरीदता था? **शैतान कुत्ते को**

3 वह बिस्किट कहाँ से खरीदता था? **दुकान से**

4 यह वाक्य किस पाठ से लिया गया है? **दोस्त का दोस्त अपना दोस्त**

5 इस वाक्य का लेखक कौन है? **दिलीप चिंचालकर** 1x5=5

(ख) **'इसीलिए इस अंधकार में मैं छिपती-छिपती आई हूँ।'**

1 प्रस्तुत पंक्ति में कौन छिपती-छिपती आई? **अछूत औरत**

2 वह छिपती-छिपती हुई कहाँ आई? **मंदिर में ईश्वर के दर्शन के लिए**

3 'अंधकार' शब्द का विलोम शब्द लिखिए। **प्रकाश**

4 प्रस्तुत पंक्ति किस कविता से ली गई है? **प्रभु तुम मेरे मन की जानो।**

5 प्रस्तुत पंक्ति का कवि कौन है? **सुभद्रा कुमारी चौहान**

**प्रश्न 2** **दिए गए शब्दों के अर्थ हिन्दी में लिखिए।** 1x6=6

1 मोहक - **मन मोहने वाली** 2 बंधन- **रोक, कुरीति, बराई** 3 तनिक - **ज़रा-सा** 4 अमिट- **जिसे मिटाया न जा सके** 5 धरा- **ज़मीन** 6 साध- **इच्छा**

**प्रश्न 3** **दिए गए शब्दों से अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए ः-** 1x4=4

1 सैर 2 अखबार 3 बरफ़ 4 रूमाल

**प्रश्न 4** **दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए।** 1x8=8

1 मेट्रो के गहने किसे कहा गया है?

2 गली में पानी कैसे भर गया था?

3 भक्तिन का मन क्या मानने के लिए तैयार नहीं है?

4 अव्वा ने लेखिका को काले रंग के बारे में क्या बताया?

5 मिशा तलैया के पास की मिट्टी क्यों हटाने लगी?

6 लेखक अकसर शाम को दुकान पर क्यों जाता था?

7 शबाना ने अपने पिता से पहला सबक क्या सीखा?

8 मेट्रो क्या रच रही है?

**प्रश्न 5 किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिए। (only 6)** 2x6=12

1 बड़े-बुजुर्गों का बच्चों के बारे में क्या कहना है?

2 मेट्रो को पटरानी क्यों कहा गया है ?

3 लेखक की आहट सुनते ही कुत्ता क्या करता था?

4 शबाना आज़मी के दिमाग में क्या न समाता था?

5 पुजारी भक्तिन को क्या कहता है?

6 शबाना के माता-पिता किस क्षेत्र से जुड़े थे?

7 बच्चों की क्या विशेषताएँ होती हैं?

## खण्ड (ख) व्याकरण

**प्रश्न6 (अ) नीचे लिखे शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।** 1x2=2

क. आँख- **आँखें** ख. पत्ती- **पत्तियाँ**

**(ब) रेखांकित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए।** ½x4=2

क. मेज़ पर पुस्तक रखी है। **मेज़ पर पुस्तकें रखी हैं।**

ख. बच्चा सेब खा रहा था। **बच्चे सेब खा रहा थे।**

**प्रश्न7 (अ) नीचे लिखे वाक्यों में से कारक चिह्न पहचान कर लिखिए।** ½x6=3

क. सना **ने** परीक्षा **की** तैयारी कर ली।

ख. बंदर पेड़ **की** डाल **पर** बैठा है।

ग. दादीजी सोहम **के लिए** गाँव **से** स्वादिष्ट मिठाई लाईं।

**(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित कारक चिह्नों दवारा कीजिए।** 1x3=3

क. रेशमा कार **से/ के दवारा** विद्यालय जाती है।

ख. तालाब **में** सुंदर कमल खिले हैं।

ग. नीरज **का** पुत्र बहुत समझदार है।

**प्रश्न8 (अ) नीचे लिखे वाक्यों में से क्रिया शब्द पहचान कर लिखिए।** ½x4=2

क. आज माँ ने बेसन के लड्डू **बनाए।**

ख. सुरेश पाठ **पढ़ता है।**

ग. शायद तेज़ वर्षा **होगी।**

घ. गरमी में सूरज तेज़ **चमकता है।**

**(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित क्रिया शब्दों दवारा कीजिए।** 1x3=3

क. मैंने नए कपड़े **पहने हैं/खरीदे।**

ख. बच्चे मैदान में **खेलते हैं/खेल रहे हैं।**

ग. रचना मधुर गीत **गाएगी/ गा रही है।**

**प्रश्न 9 नीचे लिखे वाक्यों में क्रियाओं के काल पहचान कर लिखिए।** 1x3=3

क. माली ने पौधे लगाए। **<u>भूत काल</u>**

ख. चाचाजी कल दुबई जाएँगे। **<u>भविष्यत काल</u>**

ग. हम सरकस देख रहे हैं। **<u>वर्तमान काल</u>**

**प्रश्न 10 नीचे लिखे शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।** 1x3=3

क. लाभ **- <u>हानि</u>** ख. अमीर**- <u>गरीब</u>** ग. शत्रु**- <u>मित्र</u>**

**प्रश्न 11 नीचे लिखे शब्दों के अनेकार्थी शब्द लिखिए।** ½x8=4

क. फल**- <u>परिणाम, खाने का फल</u>** ख. वर्ण**- <u>रंग, अक्षर</u>** ग. पत्र **- <u>पत्ता, चिट्ठी</u>**

घ. उत्तर**- <u>एक दिशा, जवाब</u>**

## <u>खण्ड (ग) रचना</u>

**प्रश्न 12 नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** 1x5=5

विद्यार्थी का अर्थ है- विद्या प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला। अच्छा विद्यार्थी देश का भविष्य होता है। अतः जैसा विद्यार्थी होगा, वैसा ही देश होगा। समय पर सभी काम करना, अपने बड़ों का आदर करना एवं छोटों को प्यार करना आदि वह अपना कर्तव्य समझता है। अच्छा विद्यार्थी हमेशा सत्य बोलता है, वह कभी झूठ नहीं बोलता। वह साफ़-सुथरा रहता है और अपने आस-पास भी सफ़ाई रखता है। सबके साथ मिलजुल प्रेम से रहता है। वह हर काम को मेहनत और लगन से करता है। यही कारण है कि अच्छा विद्यार्थी सबसे सम्मान पाता है।

**प्रश्न**

1 अच्छे विद्यार्थी का क्या कर्त्तव्य है? **<u>समय पर सभी काम करना, अपने बड़ों का आदर करना एवं छोटों को प्यार करना आदि।</u>**

2 अच्छा विद्यार्थी हर काम को कैसे करता है? **<u>मेहनत और लगन से</u>**

3 विद्याथी का अर्थ क्या है? **<u>विद्या प्राप्त करने की इच्छा रखने वाला</u>**

4 अच्छा विद्यार्थी सबके साथ कैसे रहता है? **<u>मिलजुल प्रेम से</u>**

5 प्रस्तुत गद्यांश से 'सच' और 'अनादर' शब्दों के विलोम शब्द ढूँढ़कर लिखिए। **<u>झूठ, आदर</u>**

**प्रश्न 13 किसी एक विषय पर लगभग 60-80 शब्दों में निबंध लिखिए।** 10

**1** मस्कत शहर **2** पेड़ों का महत्व **3** तिरंगा झंडा